॥ सुन्दरेकिमसुन्दरम् ॥

श्रीयुत बुधवर चक्रदत्त विरचित

॥ यंत्र चिन्तामणि ॥

नामक

समस्त ग्रहगणित, व्यक्तगणित, अंकगणित रेखागणित आदि का मूल कारण यंत्र विद्याका एक अनूपम ग्रंथ।

भोज्यंयथा सर्वरसंविनाज्यंराज्यंयथाराजविवर्जितंच।
समानभातीवसुवक्तृहीनागोलानभिज्ञोगणक स्तथाव:॥

मथुरा पुरी के सुप्रसिद्ध रईस राजा
श्री सेठ लक्ष्मणदासजी. सी. आई. ई. की
गुणग्राहकतासे उन्के कृपापात्र
लग्नबोधिनी के निर्माण कर्ता तथा विश्वकर्म्मा पत्र सम्पादक
पं०पण्ड्या सुन्दरदेव शर्म्मा ज्योतिर्विदने
भाषाटीका संस्कृतटीका, छन्दोवद्ध, उदाहरण, विवरण, सारिणी, ग्रन्थांतर विधान, सहित

मथुरा
निज विश्वकर्म्मा प्रेस में छपवाकर प्रगट किया.
सन् १८९८ ई०

य ...। क्षीणकलेवर
...गुभागमनसे भारतभी
...व्यवस्थाशोचनीय
...व वहां एत देशीय
...प्रमाण करना क्य
...तिष विद्या का होन
...काला, वाकोलम्ब
...ज्योतिष यत्रके निर्मा
...तदेशीय अंग्रेजी वि
...कर आपके पुण्य
...सम कठोर हृद
... खालीहोगया
... दिनगोतेमारनेक
...केश्रमकर प्राप्त

ये हुए रत्नको आपके अर्पण करताहू यदि आपइस निज मणीको आभूषण में गुंथाकर निजकंठमें धारण करेंगे तो मुझपर बडीही कृपाकरेंगे, यद्यपिइस यं की द्युतीसे आपको लाभहो वा नहो परंतु अंग्रेजी विद्याके मदांध लोगोंके हृदय न्तर वर्ती अंधकार कोतो अवश्यही दूर करेंगी चाहे यह मणी भारतका और कुछ उपकारकरेया नकरें परंतु सैंकडों रुपयोंकी घडिये और सहस्त्रोंवालदों ... आदि यंत्रोंकी तो अवश्यही प्रतिष्ठा भंगकरैगी यद्यपि यह मणी औषध नहीं है परन्तु एतद्देशीय अंग्रेजी बुद्धि के अजीर्ण रोगीयोंका अजर्णि तथा भारत को तुच्छ जानने वालोंकी तो बादीतो अवश्यही पचावैगी अतएव ...।, यदि भूमिकाराहो ... नहो इसग्रंथके २७ श्लोकोंकोतो अवश्य देखजाओ सिद्धान्त त ... कुर्णआदि ग्रंथ इस्केआगे कोईचीजही नहींहै इस ग्रंथकोदेखकर यह न समझ ... यंत्र परसे अन्य कुछ बातविदितनहीं होती क्योंकि ज्योतिष, गणित, बीजगणित रेखागणित आदिकुछभी इस यंत्रसे पृथकनही है केवल २७ श्लोक की टीका में सारांश लिखने पर तो ७२ पृष्ठहोगये इसलिये बहुतसी मनकी मन मेंमें रहगई खैर यदि परमेश्वर अनूकूल है तोमें उनबातोंके श्लोकादि सविस्तर लेख कर यत्र चिन्तामणीका दूसरा भाग प्रेषित करूंगा, यद्यपि संशोधना वस्था में विशेष दृष्टी दीगईहै तथापि जहांकही भूल चूक दिखाई देतो अवश्य क्षमाकरें

आशीर्वाद भाजन पं० सुंदरदेव

पंडि
सुंदरदेवशर्म्मविरचिता
यंत्रचि तामणीयम्
तुलादीचर
गगनम
मेषादीचर
दिनार्द्धपश्चात् घटी
दिनार्द्धपूर्व घटी
घटिका
अंशाः
आकाशरेखा
कालवृत्तम्
उन्नतमज्या
भूमि
पट्टिका

अवतरणिका

विश्वंयेनततचराचरमयंमर्वार्थगमवेद यन्ध्यायतिसदाजनाम्मुहृदया स्वाभिष्टमिध्यैविभुम् ॥ वंदे तं करुणानिधि स्वशिरसा श्रीहाटकेश प्रभु नाम्ना सुन्दरदेवको निजकृतिप्रख्यातयेप्रारभे ॥ १ ॥ त्वरितनिहतकेम योगिहृद्याब्जहंसं यदुकुमुदमुचन्द्रंरत्नणेत्यक्ततंद्र ॥ श्रुतिजलनिधिमारं निर्गुणंनिर्विकार हृदयभजमुकुंदानित्यमानदकदम् ॥ २ ॥ आसीद्व्रज मण्डले द्विजकुलेपज्योपभूपान्वये श्रीमच्छ्रीजयदेवनागरविदं मर्वार्थद शास्त्रविद् ॥ तत्पुत्रश्चगुणाढ्यशास्त्रनिपुणःयश्चन्द्रदेवोऽभवत् तत्मून स्वगुरुम्प्रणम्यशिरसा चक्रे स्वबुध्यालयया ॥ ३ ॥ श्रीपण्डितोपाव्हपितामहश्रीश्रीचन्द्रदेवाप्तमुबोधभाजा ॥ आतन्यतेमुन्दरदेवनाम्ना प्रणम्य भक्त्याद्गुरुपादयुग्मम् ॥ ४ ॥ पितामहोमौगणकाग्रगन्ता श्रीचन्द्रदेवाषविदार्त्तिहन्ता ॥ गुणालय श्रीशपदानुमन्ता शास्त्रेपुदक्ष कुधियानिहता ॥ ५ ॥ साह्यशोधादामेकृतवन्ताविनिपरिश्रमोपिसति ॥ नान्यचेदिहकिंचित् त्यन्तव्यंतद्बुधैर्दयाम्बोधे ॥ ६ ॥ विलोकितानि यंत्राणि कृतानिबहुधाबुधै ॥ मतःशिरोमणिस्तेषा यन्त्रचिन्तामणिर्मम ॥ ७ ॥ यन्त्रचिन्तामणि श्रेष्ठ कथ न गणिताद्भवेत् ॥ यस्मात्गणितविज्ञास्तु क्षेत्रज्ञमुपजानते ॥ ८ ॥ श्रूयते कल्पितार्थाना दाता कल्पतरुर्दिवि ॥ अकल्पितार्थदो दृष्टो यन्त्रचितामणिर्भुवि ॥ ९ ॥ इच्छाफलप्रद स्वर्गे यथाचितामणिस्तथा ॥ यत्रचितामणिर्भूमौ शीघ्रमिच्छाफलप्रद ॥ १० ॥ यन्त्रचितामणेरब्धे. पारगामी स एव य ॥ सिद्धातविल्कर्णधार पट्टिकानावमाश्रयेत् ॥ ११ ॥ तत्र तावज्ज्योति.शास्त्रस्यलग्नमूलकत्वा

तस्य च ग्रहाश्रयत्वात्तेषां च कालगणितत्वात्तस्य यंत्रसाध्यत्वात् ग्रन्थ चिन्तामणि नाम यंत्र विवक्षुश्चक्रधरो नामाचार्य. पूर्वार्द्धेनेष्ट देवतानमस्काररूपं मंगलमाचरन्नपरार्द्धेनस्वकीर्तितमाख्यानकी छन्दसाऽऽह —

॥ दोहा ॥

शारदसवपदपंकजहि सुमिरकरूँनिर्धार । ज्योतिषयन्त्रसमूहको विवरणकरूँप्रकार ॥ १ ॥ यद्यपि यंत्र असंख्यहैं ज्योतिसिन्धुके माहि ॥ क्रियागूढनातें डरत शिष्यलोग मनमाहि ॥ २ ॥ तुर्य्यवेद वेदान्तमें जैसे श्रेष्ठ लखात ॥ तैसेंज्योतिषशास्त्रमे तुर्य्यहैसरस मनात ॥ ३ ॥ सुलभ तुरीयहि देखिकें स्वल्पप्रयाससों साध ॥ अथ यही निर्माणकर टीकाकरूँअगाध ॥ ४ ॥ थोर्थांसेस्वीकरतहैं गौरअंगकेलोग ॥ कहांन्यून दुर्बीनसों कहहुँ ? सुभटविदलोग ॥ ५ ॥ सुन्दरसुन्दरसबकहत देखियंत्रअंग्रेज ॥ तातेंसुन्दरदेवयह यंत्रकहतअतितेज ॥ ६ ॥ भूलचूकजोहोयसोलीजो दोषनिकारि ॥ हौंअजानबालकअबुध पढियोसुजनसम्हारि ॥ ७ ॥

ग्रंथकर्त्ता शिष्टाचारानुसारग्रंथ निर्विघ्नसमाप्त्यर्थ प्रथम शिव पार्वती को नमस्कार करताहै. नत्वेति

श्रीगणेशाबागुरुभ्योनम । नमश्शाग्दायै । गुरुचरणासरोरुहेभ्योनम ।

यंत्रचिन्तामणि प्रारम्भः ।

मङ्गलाचरणम् ।

नत्वाभवानीं प्रमथाधिनाथं रविंगुरोरं
घ्र्यरविन्दयुग्मम् । यंत्रंप्रवक्ष्येगणितान
पेक्षंयथाऽऽशुबोधःसमयादिकानाम् १ ॥

संस्कृतटीका—नत्वेति.अहं तथायत्रंप्रवक्ष्ये इत्यन्वय यथा समयादि कानामाशुबोध स्यात् आदिशब्दात्पलच्छायानतोन्ननाश धनुर्जीवोदयलग्ना क्षलम्बनावनतिग्रहतिथ्यादिकाना तत्र क्रांतिक्षेत्राणामक्षक्षेत्राणां त्रैराशि कस्येच्छाफलस्यत्र ग्रहण कि लक्षण यत्र गणितानपेक्ष गणितसाध्यगु णनभजनादिक कर्मापेक्षारहित कि कृत्वा चतुर्दशविद्यादातुर्विघ्नविनाशक स्य गणाधिप तेम्तथाखिवशक्तेर्भवानीशंकरानुग्रहजन्यत्वा दात्मनोपि तद्

पासनया यंत्रचिंतामणि यंत्र चमत्कारचनाविचारचातुरी सम्पदादिका विद्याभविष्यति ॥ तथा प्रारब्धस्यापि ग्रंथस्य निर्विघ्नसमाप्त्यर्थं समाप्ति र्भविष्यतीति विचार्य्य अतो भवानीं प्रमथाधिनाथं सदाशिवं च नत्वा तथादिने यंत्रसाधनप्रकारस्य सूर्य्याश्रयत्वाद्रात्रावपि तत्किरणसम्पर्कं प्रकाशीभूत जलमयग्रहताराश्रयत्वाद्रविं नत्वा ॥ तथागुरुप्रसादात्प्राप्तसिद्धान्तज्ञानादेव तादृश ग्रंथरचनार्थशक्तिरवाप्तवाननो गुरोरघ्न्यरविन्दं गुरुचरणयुगलं च नत्वा ॥ इति. ॥

अथ चिकीर्षितग्रंथस्य गुणान्पूर्वार्द्धेन एतद्यंत्र ग्रंथज्ञानवतः प्रशंसा विपरीताख्यानकीछन्दसाह---

भाषाटीका—नत्वेति. मैं चक्रधरनामक आचार्य्य भवानी और महादेवको नमस्कारकर पुनः सूर्य्यनारायण गुरुचरणकमल युगलको वन्दनाकर ऐसा यंत्र कहताहूं जिसमे गणित करनेही की अपेक्षा नहीं है और जिसमे समयादिक अर्थात् नतोन्नतांश काल चर दिनमानादिकोंका शीघ्रही बोध होजाय ॥ १ ॥

अब ग्रंथकर्त्ता अपने निर्मित यंत्र की प्रशंसा तथा ग्रंथ प्रशस्ति करता है—

॥ ग्रंथस्यचग्रंथाधीयमाणस्यप्रशंसांचाह ॥

अपूर्वयुक्त्यल्पमनल्पकार्यं सद्वृत्तमज्ञान तमोपहारि ॥ विंदन्तियेयंत्रमिदंसभेदं पश्यन्तितेऽग्रेगणितंसमस्तम् ॥ २ ॥ ॥ ॥

स०टी०—अपूर्वेति यइदमभेदनाम साधितपदार्थवान् वासनाज्ञान सहित यंत्र विंदती ते समस्त गणित अग्रे पश्यंतीत्यन्वय ॥ गणितोदितगुणनभजनादिसाध्यपदार्थः पट्टिका सन्निवेशे नेवास्मिन् यंत्रे प्र-

त्यंत्ततया दृश्यत इति भाव ॥ किं लक्षणं यन्त्रमिति प्रत्येकं सम्ब-
ध्यते अपूर्वयुक्तिपूर्वग्रथेष्वदृष्टमपि स्वमतिपरिणामादेव रचितं तथाल्प
मनल्पकार्यं ॥ अल्पाक्षरमपि बहुलार्थप्रतिपादक तथा सद्वृत्तंसन्ति वृ-
त्तानिच्छन्दांसि मण्डलानिवायस्मिन्नित्येवंविधं तथाऽज्ञानतमोपहारी दि-
ग्देश काल्याज्ञानांधकार आतस्यदीपकलिकेवज्ञानकारणीभूतम् ॥ २ ॥

भा०टी०—अपूर्वेति. यह यंत्र अपूर्व है अर्थात् अप्रतिम
नव कल्पित है अथच अल्पही युक्तिसे सिद्ध होता है और ब-
हुत कार्योंकी सिद्धि करताहै एवं सुडौलवृत्तहैश्लोकवगोल जिसमें
अज्ञानरूपी अन्धकारका नाश करताहै जो ज्योतिषीलोग इस
यंत्रको जानते हैं वह लोग समस्तगणित को जानतें हैं अर्थात्
जो लोग इस यंत्रको समझलेंगे वह ज्योतिषकी समस्तोपपत्ति
यों को जानकर सबही पदार्थ को बिना श्रम जानलेंगे ॥ २ ॥

॥ अथ यंत्ररचना प्रकारं शार्दूलविक्रीडितेनाह ॥

यंत्रंचक्रदलार्द्धमत्रगगनं केन्द्रादधस्तात्कुजं
तीर्यग्व्यासदलेनकेन्द्रकुजयो रंतःक्षितिंक-
ल्पयेत् ॥ नेम्यांखांकलवान्कुजातिथिमिता
नाडीखतश्चांकयेत् जीवालम्बवदम्बरक्रम-
मितास्तुल्यान्तरालक्षितौ ॥ ३ ॥ ॥ ॥ ॥

म०टी०—यंत्रेति.चक्र दल धनु स्तस्यार्द्धं वृत्तचतुर्थांश स्तद्रूपं
यंत्रंकृत्वा मध्यकोणे केन्द्रकार्यंकेन्द्राद्धोव्यासार्द्धमितातरेण गगनं नाम
खमध्यं तथा केन्द्रात्तिर्यग्व्यासार्द्धमितेनान्तरेण कुजं नाम क्षितिजं तथा
केन्द्रात् क्षितिजगामिनीं रेखा क्षिति नाम भूमिं कल्पयेत् तथा नेम्या
वृत्तत्रयेण कोष्ठद्वयमुत्पाद्योपरिनिनकोष्ठके कुजादारभ्य नवतिभागास्तथा

धस्तनकोष्ठके आकाशात्पञ्चदशघटीश्चाकयेत् तथा क्षिति त्रिंशद्विभ ज्यममानान्तरास्त्रिशज्जीवालम्बसूत्रवद्दृग्जीवांश्चाकयेत् ॥ अंगुलप्रयोजने ज्यांतरालयेंगुलानिकल्प्यानि अन्तरे तदवयवाश्चकल्प्य अथ क्रमजीवा साधना,, येष्टाशानाकाशाद्दत्वा तत्र यान्यगुलानि सावयवानिसाक्रमज्या उत्क्रमज्यासाधनाय क्षितिजादिष्टांशान्दत्वा तज्जीवामूलपर्य्यन्त तत्र क्षितिजाद्भूमौ यान्यंगुलानि सावयवानिसोत्क्रमज्याज्ञेया । अथ क्षितेरू र्ध्वकोणद्वयोपरिवेधार्थं सरन्ध्रोचतुरस्त्रौकीलौचकार्यौ तथा केन्द्रच्छिद्रे सू- क्ष्मकीलं सस्थाप्य तस्मिल्लम्बसूत्र तथा वक्ष्यमाणा पट्टी च शिथिला प्रोता कुर्यादिति ॥ २ ॥

॥ दोहा ॥

परिधिपूर्णभगणांशको साठघडीकीमान । तासुचौथाईयन्त्र यह नवतिअंशकोमान ॥ ज्याआडीठाढीलखो, तीसतीस परिमान । गगनक्षितिजदोउनामये नमिकोणकेजान ॥ ३ ॥

भा० टी०—यंत्रमिति अब इस तुरीय यंत्र के बनाने का प्रकार कहते हैं कि वृत्त अर्थात् गोल इसका आधा धनुष और इस धनुष का आधा तुरीय अर्थात् गोलाई का चतुर्थ भाग हो ता है इसकारण इस यंत्र की आकृति वृत्त चतुर्थांश के समान होनी चाहिये इसीसे इस यत्र की तुरीय संज्ञा है अंग्रेजी में इसे काडरेटकहते हैं इस आकृतिका सुगोल यंत्र किसी पीतल वा दृढ काष्टकी पट्टी पर खुदवालेना चाहिये इसके केन्द्र स्थानको केन्द्र कहते हैं और केन्द्र के नीचेवाले परिधि के सिरेको गगन कहते हैं एवं केन्द्र के सामने के परिधि के सिरेको कुज अर्थात् क्षितिज कहते हैं एवं केन्द्र और क्षितिज के मध्यवर्त्ती भूमि की क्षिति अथवा भूमि संज्ञा है अब उस यंत्र परिधि से लगेहुए

३ कोष्टक करो इसमें ऊपर के कोठे के ९० विभागकर क्षितिज से लेकर गगन पर्य्यन्त क्रमसे अंश कल्पना करलो एवं दूसरे नीचे के कोठे के १५ विभाग करो इसे घटी मानकर उत्क्रमसे अर्थात् गगन से कुज पर्य्यन्त अंकित करलो एवं फिर केन्द्र और क्षितिज के मध्यकी भूमि के ३० समानांतर विभागकर उसकी कुज से परिधि पर्य्यंत लम्बी २ रेखा खेंचदो इसको जीवा कहते है मेरी रायमे ३० आड़ी जीवा भी उसी नाप से केन्द्र और गगन के मध्यमें खेंचलेनी चाहिये क्योंकि आचार्य ने बहुतसी जगह ज्यान्तर प्रमाणांगुल से पूर्वोक्त जीवाको काटना लिखा है अब उस यत्र के केंद्र में छिद्रकर डोरा यंत्र से बड़ा बांधदो और कुछ गुरु पदार्थ उसमें बांधदो इसे दोरकलंब मानो एवं एक पीतल की अंगुलभर चौड़ी भारी मजबूत पट्टी जिसमें नीचे कुठार बनाकर उसके केन्द्र में एक छिद्र करदो और उसी छिद्रसे लेकर ज्यांतर प्रमाणसे अर्थात् उन ज्याओं में जो अन्तरहो वही अन्तरसे उस पट्टी में चिन्ह करदो पट्टी कुछ यंत्र से बड़ी बनाई जातीहै क्योंकि इसमें उतनीहीं रेखाएं नहीं किंतु अधिक कीजाती हैं इसका प्रमाण आगे श्लोक में विदित होगा एवं यंत्र के सिरेपर एक पीतल की नली पोली केन्द्र और कुज के मस्तकपर पारदर्शक जडवादेनी चाहिये ३ ॥

ज्यकाष्टादशीज्यान्तरालांगुलांका तदन्तप्र
भाग्रस्थकेन्द्रावलम्बात् ॥ पलभ्राकुजंचा
नभोलंबभागास्तयोरुत्क्रमज्येक्रमज्येचवेद्ये ४

मं० टी०—ज्यकाष्टादशीति. कुजादष्टादशीज्यारेखाज्यान्तरप्रमिते रगुलै रंकनीया सासार्द्धसप्तविंशत्यंगुलाभवति। यतन्नदग्रे लंबेस्थापिते

द्वादशांगुलभुजाश्रि ज्याकर्णस्तद्वर्गान्तरपदंमाज्याकोटिर्भवतितस्याभूमेरारभ्य स्वदेशाक्षप्रभागुलानि देयानि तदग्रे केन्द्रबद्धावलम्बो नेम्यायेप्वं शेषुपतति ततः क्षितिजपर्य्यंतमक्षांशाज्ञेयाः । आकाशपर्य्यंत तु लम्बांशाज्ञेयाः। तयोरुत्क्रमज्ये क्रमज्ये च पूर्वोक्तविधिना ज्ञेया ॥ ४ ॥

॥ दोहा ॥

अट्ठारहवींज्यालखो तिर्यकक्षितिजलगाय । अथवाबारह केंद्रसों रेखातिर्यगपाय ॥ यहींरेखपलभासमभि ज्यामित अंगुलतास । केन्द्रलम्बनैमीछुए याहिकहतअक्षांस ॥ इतर अंशलम्बांशहै आडीउत्क्रमजीव । पट्टीस्पर्शहिकर्णकहि सीधीज्याक्रमजीव ॥ ४ ॥ ॥ ॥ ॥

भा०टी०—ज्यकाष्टादशीति. अब निजदेशकी पलभा अर्थात विषुवच्छाया (१) को जानकर अक्षांश लानेका प्रकार कहते हैं कि इप्सित समयपर इस यंत्रको भूमिमें लिटाकर देखो कि गगन से अठारहवीं ज्या कहां है उस ज्या को पलभा ज्या मानकर जितने अंगुलादि स्वदेशकी पलभाहो उतनेहीं मूधी ज्या से अष्टादशी ज्याके सम्पात (अर्थात् मिलापस्थान देखलो) यह अगुलादि पलभा मानकर उसपर दोरकलम्ब जो केन्द्र में बँधा है लाओ अब वह दोरकलम्ब जितने अंशपर गिरे वही क्षितिजसे लेकर अक्षांश * होंगे और इतर अर्थात गगन से लम्ब पर्य्यन्त यह लम्बांश होंगे एवं अक्षांशमित परिधिमें जितनी

---

(१) क्रियादिगेतिग्मरुचौ तदाहिमध्यान्हजासायनभागयाते । छायाभवेत्सापलभामतावैत्रिघ्नांपुनस्त।गुणयेत्क्रमेण ।

विषुवद्दिन अर्थात् सायन मेष संक्रांति के दिन जिसदिन दिनमान पूरा ३० घडीका होताहै उसी दिन मध्यान्ह के १२ बजे ठीक द्वादशांगुल शकु स्थापनकर उसकी छाया उसी शंकुप्रमाणसे नापो जितने अगुलहो वही पलभा कहातीहै सारिणी नं० ३ देखो।

तिरछी रेखा लगें वही अक्षोत्क्रमज्या के अंगुलादि होंगे एवं जितनी सीधी रेखा लगे वही अक्षज्या के अंगुलादि होंगे एवं लंबांशमित परिधी में जितनी आडीरेखा लगें वही लंबोत्क्रम-ज्या एवं जितनी घडी रेखा लगे वही लंब ज्याका परिमाण होगा एवं दोरकलंब के स्थान पट्टी लगाने से अष्टादशी जीवा पर पलभा के स्थानपर उस पट्टीको लेजानेसे पट्टीमें की जितनी रेखा संख्यापर उस अष्टादशी जीवाका सम्पातहो वही पलकर्ण होंगे क्षितिजि से ध्रुवपर्य्यंत जो मान अंशादिकों में है उसीका नाम अक्षांश है एवं मेरुसे निरक्ष पर्य्यंत की अंशात्मक मापकानाम लंबांश है और सायन मेष संक्रांति दिनकी द्वादशांगुल शंकु की मध्यान्ह छायाका नाम अक्षभा है एवं शंकुके अग्र से छायाग्र पर्य्यंत की जो नाप है वही पलकर्ण कहाते हैं अक्षांश को स-दैव अंग्रेजलोग उत्तरीय मानते हैं परन्तु आर्षमत से दक्षिणीय सिद्ध होता है, इस यंत्र परस्व साधाहुआ अक्षांश सूक्ष्म होताहै और पलभापर से अक्षांश लाने के जो कर्ण ग्रंथों में प्रकार हैं वे ८ अंगुल पलभा पश्चात् सान्तर होते हैं । इस अक्षांश को इंग्रेजी भाषा में (Degree of Latitude) डिगरी आफ ले-टी टयूड कहते हैं एवं ज्याकानाम इंग्रेजी भाषा मे साइन कोसाइन कहाता है पलभा अक्षांशादि ज्ञानार्थ तथा क्रमज्यो त्क्रमज्यानार्थ कुछ सारणीयें आगे दीगयी हैं ॥ ४ ॥

उदाहरणम्.

जैसे मथुरा की पलभा ६ अंगुलहै और १५ व्यंगुल है इसकारण कुजकोणसे अठारहवीं ज्या के स्थान ६ रेखा खडी जीवा पर डोरी के लम्बको लेगये अब पलभा १५ अंगुल अधिक है इस्कारण चौथाई अंगुल और आगे बढगये अब इसी डोरी का लम्ब परिधि

के २७॥ अंशपर होगा इसकारण मथुराके २७ । ३० यह कुज से अक्षांश हुए और इतर अवशिष्ट गगनसे अंश ६२ । ३० यही लबांश हुए अक्षांश के स्थान पर आडी रेखा ४ से कुछ पूर्व की लगती है अतस्तु ३।२३ । यही अक्षांशकी उत्क्रमज्या (१) हुई एव उसी अंश प्रमित अक्षांश से कुछ आगे १४ वीं ज्या खडीका संयोग होता है इसकारण १३ । ५० यही अक्षांशकी क्रमज्या हुई एव लंबांश ६२ ३० पर (१) खडी रेखाका योग २६ । ३७ यही लब ज्या हुई एवं लबोत्क्रमज्या १६ । १० हुई । अतस्तु । उस पलभा प्रमित अष्टादशी जीवा के स्थान पट्टी (२) लाये तो अष्टादशी का योग पट्टी के अन्तर्गत १३॥ अंगुल के लगभग होताहै अतएव यही पल कर्ण हुए इसमें विशेषता यह भी है कि जसे पलभा मालूम है तो पलकर्ण मालूम होजाय एव अक्षांश मालूम होने से पलभा अथवा अमुक संख्या प्रमित पलभापर कितना अक्षांश होगा आदि जैसे ४ अंगुल अक्षभा कितने अक्षांश पर होगी अत एव ४ अंगुल पलभापर पट्टी लेजाने से १८ । ३० अक्षांशहुए । एवं ५१॥ अक्षांशपर क्या पलभा होगी विलोमविधि से उत्तर १५ अ० ६ व्यंगुल । एव १४ अंगुल पल कर्णपर कितना अक्षांश और पलभापर होगी-पूर्वोक्त प्रकार सेव्यस्त क्रिया से उत्तर अक्षांश ३४ । २ पलभा ६ । ८ इत्यादि इन चारो राशियों में से कोई एक राशि मालूमहो तो व्यस्त क्रिया से अवशिष्ट तीनों राशि स्पष्ट होगी ॥

कर्णोक्तप्रकारः । ग्रहलाघवे—

"तथाक्षछायेषुघ्नाक्षभाया, कृतिदशमलवोनायमाशापलांशाः,, जैसे काशीकी पलभा ५ । ४५ है इसे पंचगुणित किया तो हुए २८ ।

---

(१) अक्षांशकी क्रमज्याको ३० मे घटाने से लम्बोत्क्रमज्या एव अक्षोत्क्रमज्या को ३० मे घटाने से लम्ब ज्या होती है—

(२) यह ध्यान रहे कि पट्टी का निजाभिमुख दहिनामार्ग सर्वदा व्यवहार में लाना चाहिये अथवा पट्टी के जिस पार्श्व से जो काम लिया जाय तज्जन्य समस्तकार्य उसी पार्श्व से लेना चाहिये—

४५ पुन अक्षभा ५ । ४५ इसका वर्ग ३३ । ३ इसका दशमांश ३ । १८ । १८ इसको पंचगुनित फल में से घटाया तो शेष दक्षिणीय २५ । २६ । ४२ यही अक्षांश हुए एवं इस अक्षांश को ९० में से घटाए तो शेष लम्बांश ६४ । ३३ । १८ हुए—अथ पल भावशेनपलकर्णज्ञान कर्ण ज्ञानं यथा—ग्रहलाघवे अ० ४ श्लोक ७।

अक्षछायावर्गतत्त्वांशयुक्त. मार्तण्डस्यादगुलाद्योक्षकर्णः ।

यथा अक्षभा ५ । ४५ इसका पचींवशवां भाग १ । १९ इसे १२ में जोडा तो शेष १३ । १९ यही पल कर्ण हुए ॥

ज्या स्वरूपमाह सिद्धांतशिरोमणौ ।

ज्याचापमध्यंखलुवाणरूपं स्यादुत्क्रमज्यात्रिभमौर्विकाया ।
वर्गार्द्धमूलशरवेदभाग जीवाततःकोटिगुणोपितावान् १ ॥

सपंचाशसूर्यांगुलैः $\frac{1}{12}$ क्रांतिवृत्तं न्यसेत्केंद्रत स्तद्भुजाग्रस्थपट्याः ॥ युतिज्याग्रतोग्रेपमां शास्तुपट्टीखखांकाहृतास्त्र्यूनयालंबमौर्व्या ५

स० टी०—सपञ्चाशेति. सपञ्चमाश द्वादशागुलमर्थात् द्वादशागुलं च द्वादश व्यंगुलानि च एवम्भूते पंचमांशाधिक द्वादशांगुल व्यासार्धेन केन्द्राक्रातिवृत्तंकुर्यात् अथाकाशात्भुजा शानदत्वा तदग्रस्थापट्टी क्रातिवृत्ते यत्र लगती तत्रयाज्यारेखा तदग्रादाकाशपर्य्यंतायेशास्ते क्रान्त्यंशा तथा खखाकाखनवत्यंकास्तस्मिन् स्त्र्यूनया विरहितावालंबज्यया विभक्तालब्धागुलमिता पट्टीर्दीर्घाकार्या तथाद्व्यंगुल विस्तारामूलेग्रेंगुल त्रिस्तारेण कुठाराकार्या तत्र तस्या तथा छिद्रकार्यं यथा साकीलकाशीथिलाप्रोतां कुर्यात गुर्वग्राच तन्मुख पार्श्वेलम्बमूत्रवद्भवति तथा केन्द्रमध्याज्जीवाप्रमाणे स्गुलै इत्याक्येति ॥ ५ ॥ ज्याचोत्क्रमज्यापिपूर्ववत् वेदितव्यः। अत्रकुजात्क्राति लवपर्य्यन्तागे नशिप्राशाहोगज्यार्द्धविष्कंभोनामस्यामो भविष्यतीति भद्रम् ॥

क्रांतिज्ञानम्-कवित्त ।

पूरनसुक्रांतिअति क्रांतिखेटकी कहत चौविस अंश ताको पूरन प्रमानिये । वाकी सब खेटनकी होय तीस अंश लगि नातत्र क्रांति नभ अकलगि जानिये ॥ जीवा चौबीस की बारहसपंचमांश तासम सुकेन्द्रसो वृत्तकर आनिये । पट्टी रवि सायन भुजभाग लखि वृत्तयोगदेखि जीवि नेमि मांझ क्रान्ति पहिचानिये ॥ ५ ॥ ॥ ॥ ॥

पूर्वोक्त अष्टादशीजीवा जो केंद्रमे बारवीं ज्याहै उससे किंचित् आगे अर्थात् ज्यान्तरालके पंचमांसके समान अधिकस्थान छोडकर "अर्थात् केंद्रमे १२ अंगुल और १२ व्यंगुलके समान., एक बिंदुकरो फिर केन्द्रसे परकाल लगाकर उस बिंदुको नाप कर उसी परकालको घुमाओ अब यही वृत क्रांति वृत्तकहाताहै पश्चात् जिसदिन की सूर्य्यकी क्रांति जाननाअभिष्टहो उसीदिन का स्पष्ट सूर्य्य निकालो और उसमें क्रांतिपात अर्थात् अयनांश जोडदो यही सायन सूर्य्य कहलाता है। अब इसकी भुजाकरनेका प्रकार जो इस ग्रंथकरता ने सातवे श्लोक मे कहा है तदनुसार भुज बनाओ अब इस राश्यादि भुजके भुजांश करलो अब उस केन्द्रमें मोत्तलपट्टी को उन भुजांशोंकी संख्यापर लेजाओ अब इस पट्टी से क्रांति वृत्त जहां लगताहो वहां मे एक सीधी रेखा कल्पनाकर नेमीपर्य्यंत लेजाओ अब नेमिकोणसे पूर्वानीत जीवा जहांहो वहां पर्य्यंत जितने अंशहो वही क्रांत्यंशहोगे अंतरालमें ६० कला कल्पनाकर क्रांतिके कलादिजानलो, यह क्रांति सदैव सायन सूर्य्य यदि मेषादि षट्क में हो तो उत्तरीय होतीहै एव तुलादि षट्क में हो तो दक्षिणीय होती है एवं क्रान्तिमितपरिधी में जितनी आडीरेखा लगें वही क्रांति की उत्क्रमज्या होगी एवं जितनी खडी रेखा लगे वही क्रांतिज्या होगी । यह क्रांति

सूर्य्य की मध्यान्हकालकी स्पष्टहोती है इसीतरह से अन्य ग्रहोंको सायनकर पूर्ववत साधन करनेसे मध्यमक्रांति होतीहै इसमें अपना शरोंका संस्कार करनेसे अन्यग्रहोंकी भी स्पष्टक्रांति होजातीहै यदि पराख्य स्पष्ट करना हो तो भुजांश के स्थान नतांशको व्यवहार में लाओ शेष क्रीया पूर्ववत् समझो स्थूल परमक्रांतिसे २४ हैं परंतु गौरांग लोग २३ । २८ पूर्णक्रांति मानलेते हैं यहां परभी आचार्य्य ने स्थूलक्रांति २४ अंशमानी है उस्की ज्या १२ । १२ होती है तदनुसारवृत्तकीया गया है यदि गौरांगोके मतानुसार क्रांतिवृत्तवनानाहो तो केंद्रसे ११ । ५७ पर एकवृत्त काढो यही वृत्तपरसे सूक्ष्मक्रांति होगी मेरी रायमे सूर्य्यग्रहण में अंगिलमानहीसे क्रांतिसाधनेसे ग्रहण जनित दृगणितैक्ययथार्थ मिलता है इसक्रांतिको अंग्रेजीभाषामें इकलिपटिक कहते हैं इस क्रांतिवृत्तके मुख्य चार बिंदु होतेहैं इसमें २ अयन और २ विषुप, इसमें सायन मेष संक्रांति तथा तुला संक्रांतिको अर्थात् जिसदिन क्रांति ० । ० होतीहै उसे विषुप बिंदु अर्थात् विषुवद्दिन कहतेहै इसीसे सायन मेष से क्रांति उत्तर गोलीय एवं तुला से दक्षिण गोलीय सूर्य्य होताहै इसी प्रकार जब पूर्णक्रांति २३ । २८ वा २४ होती है जैसे सायन कर्क तथा मकर इसको अयन बिंदु कहते हैं अत एवं कर्क से दक्षिणायन और मकर से उत्तरायन होता है । सारांश यह है कि सायन मेष संक्रान्ति से कर्क संक्रान्ति परत्व दिनमान ३० घडी से बढता है और क्रांति उपचित अर्थात् उत्तरोत्तर बढती चलीजाती है अत एव सायन कर्क संक्रांतिको पूर्णद्युमान और परम क्रान्ति होजाती है फिर क्रान्ति तथा दिनमान घटने लगता है सो तुला संक्रान्ति परत्व दिनमान ३० घडी तक होताहै और

क्रान्ति अपचित ०। ० होजाती है इसीलिये सायन[1] कर्क से सायन तुला पर्य्यन्त क्रान्ति अपचित अर्थात् उत्तरोत्तर न्यून होतीजाती है एवं सायन तुलासे सायन मकर पर्य्यन्त दिन-मान बडताहै इससे उपचित फिरमकरसे मीनतक अपचितहोती है बस इसी संकेत के कारण ऋतु, अयन, गोल, आदि सबका ज्ञान होजाताहै अब यंत्र में कितनी बडी पट्टी लगानी चाहिये इसका प्रमाण कहते हैं कि निजदेशकी लम्बज्यामें से २ घटाकर इसे भाजकमानकर ९०० में भागदो लब्धीअंगुलादि ज्यान्तरप्रमाण से लम्बी पाट्टिका बनवानी। क्रान्ति सूर्य्यआदि ग्रहों तथा नक्षत्रों की निरक्ष से उत्तर या दक्षिण दूरीको कहतेहैं नाडीवृत्तमें आने के समय सूर्य्यकी क्रांति शून्य और प्रकाश ध्रुवसे ध्रुवतक आधे गोले पर होता है जैसे वह उत्तर क्रांतिमें बढताजाताहै वैसाही उत्तर ध्रुवको अधिकप्रकाशकरताहै और ध्रुवको अंधेरेमे छोडता है इसीलिये दक्षिण क्रांति में फलभी विपर्य्य होताहै अंग्रेजों में ज्योतिषके पूर्ण विज्ञकीथसाहिबका कथन है कि सूर्य्यकी क्रांति पूर्ण २३।२८ एव अन्य प्राचीन ग्रहोंकी ३०।२८ और नक्षत्रों की ६० के लगभग होतीहै ॥ ५ ॥

उदाहरणम् ।

श्रीसम्बत् १९५५ शाके १८१९ तत्र मार्गशीर्ष शुक्ला पौर्णिमायां मथुरापुर्यां चन्द्रपर्वावलोकनाय, उपकरणान्, साधन क्रियते, तत्रादौ क्रांतिः। अब उक्त दिनका पचांगागीतस्पष्ट सूर्य्यराश्यादि ८।१३।६।२० है इसमें अयनांश २२।५६।४३ जोडा तो सायन सूर्य राश्यादि ९।६।३।३ हुआ अब इसकी भुजा २।२३ ५६।५७ हुई इसके स्वल्पांतरत्वात् ८४ अंश भुजांश कल्पनाकर

---

[1] वेदांगज्योतिषे। धर्मवृद्धिरपांप्रस्थःक्षपाह्रासउदग्गतौ।
दक्षिणेतौविपर्यस्तौषण्मुहूर्त्ययनेनतु ॥

अब गगनकोण के पास ८४ अशपर पट्टी लाये तो अब वह पट्टिका से क्रांति वृत्तका सम्पात केन्द्रसे बारहवीं ज्या के आसन्न होता है अत एव अब उस बारहवी ज्या के मस्तकपर कोण से २३॥ अंश है यही स्थूलक्रांति है और २३ । २० यह सूक्ष्म क्रांति है सायन सूर्य तुलादिषट्क मे है अत' दक्षिणी क्रांति हुई इसीसे सूर्य दक्षिण गोलीय, मकरादित्वात् उत्तरायण और मकरका सूर्य होने से शिशिर ऋतू हुई—पट्टी साधनं यथा—मथुराकी लंब ज्या २६॥ इसमें से ३ घटाये शेष २३॥ इसका ९०० से भाग दिया लब्धी ३५ तथा कुछ अधिक इसीतरह ज्यांतर प्रमाणसे अंगुलों की सख्या अंकित करलो एवं क्रांति मे लगनेवाली आडी—सीधी रेखायें ज्या संज्ञक हुई अर्थात् नियत क्रांतिकी ज्या ११ । ५३ उत्क्रमज्या २ । २७ हुई ॥

कर्णोक्तप्रकारः । सूर्य्यसाधनम्–

स्पष्ट सूर्य साधने का प्रकार तथा शीघ्रफलादि मन्दफलादिका संस्कार १९ वें श्लोक मे कहाजावेगा उसी प्रकार से साधा हुआ संवत १९५५ मार्गशीर्ष शुक्ला पौर्णिमाका स्पष्ट सूर्य जैसे ८ । १३ ६ । २० है प्रायः लोग जो दृग्गणितैक्यतासे प्रयोजन नहीं रखते वे लोग इस प्रकार साधन करते है यथा—

नीलकण्ठ्याम् ।

गतैष्यदिवसाद्येन गतिर्निघ्नीखषड्हृता ।
लब्धेनांशादिकंयोज्यं शोध्यस्पष्टोभवेतग्रहः १ ॥

जैसे पौष कृष्ण प्रतिपदा का सूर्य स्पष्ट ८ । १४ । ७ । २८ गति ६१ । ९ है यदि मार्गशीर्ष शुक्ला पौर्णिमाका सूर्य जानना है तो १ दिनका अन्तर है इसकारण एकेन गुणित तदेव अत ६१ । ९ का पूर्वागत सूर्य में से घटाया शेष ८ । १३ । ६ । २० यही पौर्णिमाका स्पष्ट सूर्य भया ॥

अयनांशज्ञानं । हायनकौमुद्याम्–

वेदाब्धिरत्नाकरहीनशाकः खांगैर्विभक्तोह्ययनांशकास्यु ।

जैसे संवत् १९५५ इस्में से १३५ घटाने से शाके १८३० इस्में ४४४ घटाये शेष १३७६ बचे इस्में ६० का भाग दिया तो लब्धी २२ अंश शेष ५६ कला एवं मार्गशीर्ष तक ८ मासको ५ गुना करने से तथा तिथी में ६ का भाग देकर जोडने से ४ विकला हुई इसे २२ । ५६ । ४३ को सूर्य स्पष्ट ८ । १३ । ६ । २० में जोडा तो सायन सूर्य ९ । ६ । ३ । ३ हुआ ॥

भुजज्ञानं ज्योतिष्केदारे.

त्रिभोनं दोस्तदूर्ध्वांगैर्विशेष्यींकाद्विकोर्कत

ग्रह ३ राशिसे न्यून हो तो वहीभुज। उपरान्त ६ राशीपर्यन्त ६ में घटाने से भुज ६ के बाद ६ ही घटाने से भुज। ९ तक ९ के बाद १२ में घटाने से भुज। यहा सायन सूर्य ९।६।३।३ है इस्का ।९ से अधिक होने से १२ में से घटाया शेष २।२३।५६।'५७ यही भुज भई भुज के अश ८३ इस्में १ अंश और जोड दिया तो ८४ अश भए.

क्रान्तिज्ञानं ग्रहलाघवे

चत्वारिंशदशीतिराद्रिकुभुव कक्षेन्दवो भूधृति'षट्खाक्षीणिजिनाश्विनो गविकृतिःखाब्ध्यश्विनः सायनात् ॥ खेटाद्दोर्लवदिग्लव प्रमगतौ कोसौ नदूनागताच्छेषघ्नाद्दशलब्धवीयुक् दश हृतोंशाद्योपम स्यात्स्वदिक् ॥ जैसे पूर्वागत सूर्यके भुजांशा ८४ इस्में १० का भाग दीया तो लब्धी ८ तत्प्रमित गतखंड २३६ और अग्रिमां न्तर ४ इसे शेष ४ सेगुनाकीया तो फल १६ इसमे १० का भाग देने से फल १।३६ इसे पूर्वागत २३६ में जोडा तो २३७।३६ भए इस्का दशमांश २३।४२ हुए यही क्रान्ति हुई

लघुखण्डकीयक्रान्ति ग्रहलाघवे.

षट्षडिषूदधिदृक्कुभिरद्भैः खेटभुजांशदिनांशमितैक्यं
खेटभुजांशदिनांशयुतस्वांशाद्यपम. सुखसंव्यहृत्यै

जैसे भुजांश ८४ इस्में १५ का भाग दीया लब्धी ५ शेष ९ तत्प्रमितगतखण्डो का योग २३ एवं शेष हतैष्यदिनांश करने से ४६ यही क्रांत्यशा २३।४६ हुये ॥

चरानयनम् ।

स्वषष्ठ्यंशयुक्ताक्षभाग्रेतुकेंद्रा ज्ज्यकातद्यु नोंकोपमांशस्थपठ्यः ॥ भुजाग्रस्थपठ्यंकस कज्यकाग्रावधिःस्वाच्चरंतज्यकाचांगुलानि ६

सं०टी०—स्वषष्ठ्यंशेति. अक्षोनाम ध्रुवौच्च्य तद्दशांशीया प्रभासा ऽत्र प्रभानांस्वीयेन षष्ठ्यंशेन युक्ता केंद्रात्कूर्मौदत्वा तदग्रे जीवारेखा ज्ञातव्या अथ क्षितिजाच्चात्यशानदत्वा तदग्रे पट्टी संस्थाप्य सा रेखा यत्र लग्ना तत्र चिन्हं कार्यम् । जननाशाद्वस्थकाग विचित्राभुजाग्रं ज्ञात्वा तत्र स्थापितायाः पट्टिकाया पूर्वे चिन्हया जीवारेखालग्नानि तदग्रपर्यंत माकाशाद्वक्ष्यमाण विधिना घटिकादि चरज्ञेयं तत्र यानि जीवांगुलानि सा चरज्याज्ञेया। चरज्यापट्टिकाया दत्वा चिन्हं कार्यं ततः क्रान्त्यंशाग्रे पट्टी सस्थाप्य चिन्हासक्तजीवा मूलपर्य्यंत केन्द्रमारभ्य कुजांशेर्नेति ५॥

॥ कवित्त ॥

जेतेऽगुल देशकीछाया पलहोय बुध तेतेही व्यंगुलको योग
करवाइये । याहीसों ग्रथकार षष्ठिअशयुक्त कहे ताहीसों
गीत यही मनमें ठहराइये ॥ जीवा गाहि तासम धरि पट्टी
सुक्रान्ति पै अंकितकर जीवयोग पट्टी लजाइये । खेट भुज
भागपै चिन्हकुप जीवके मस्तकपै घडीपल चरके नताइये ६

भा०टी० -स्वषष्ठ्यंशेति, किसी अभिष्ट दिन वा रात्रिके समय में इसी यंत्रको लेकर कुजमस्तकवर्तीछिद्र पैसे केंद्रमस्तकवर्ती छिद्रद्वारा ध्रुवके तारेको देखो (१) अब यह सिद्ध है कि

---

(१) मैं उचित नहीं समझता कि इस ग्रथको बढाकर लिखू क्योंकि ध्रुव के तारे की पहिचान जिन जिन प्रकारो से ज्योतिषी लोग रखते हैं वह अतिगूढ है इन सब प्रकारोंका संग्रह तथा प्राचीन आधुनिक ग्रहों की आकृति नक्षत्राकृति आदिकों का सग्रह कर एक दूसरी पुस्तक बनारहा हू अत एव जिन महाशयोंको अ-

इसी यंत्रस्थितिपरमे इसयंत्रका लम्ब जितने अंशपर पडे वही अ-
क्षांशहोगा एवं अष्टादशोरेखाको वहलम्ब जहांकाटे उतनेहीअंगु-
लादिअक्षभाहोगी एवं उस अष्टादशीजीवापर्य्यंत डोरेके जितने
भाग काटे वही अक्षकर्ण होंगे अस्तु! अबइस अक्षभामें इसीका
सातवांभाग जोडदो अर्थात् जितने अंगुल अक्षभाहो उतनेही
व्यंगुल उसअक्षभाके व्यंगुलोंमें जोड़दो अब इससंख्याप्रमितकेंद्र
से एक आडीजीवा कल्पनाकरो फिरपट्टीको उसीदिनकेक्रां
त्यंशपरलाओ पुन वह कल्पितजीवा उसक्रांतिगतमें जहांलगे
वहां पर कोई चिन्हकरो वा स्याहीकीबूंदरखदो। अब इसीपट्टी
को निज उसीदिनके सायनसूर्य्य के भुजांशपर लेजाओ अब
इस पट्टीके अंतगर्तका चिन्ह वा विंदु जिसखडीज्यामेंलगे वही
ज्याकेमस्तकपर आकाशमें जितनीघडीहो वहीचरघडीहोगी एवं
अंतराल अंशादिको १० गुणाकरलो यही पलोंकीसंख्याहोगी
एवं चरघट्यादि प्रमितस्थान मे जितनी आडी ज्यालगे वही
चरोत्क्रमज्या होगी एवं सीधी रेखाओं की संख्या चरज्या का

निलालसाहो मुद्रण होने के पूर्वही ग्राहक श्रेणी मे अपना नाम लि
खवावें यहां पर कुछ संक्षेप से ध्रुव के जानने का एक प्रकार कह-
ताहूं । प्राय सप्तऋषियों को तो सर्वसाधारण जानते हैं उनके सा-
तो तारे अतिप्रकाशवान तथा यत् किंचित् समानांतर होतेहैं उन
के अधोवर्त्ती चौतारों में से नीचे के जो दो तारे हैं उनमें से ऊपर
के तारे की तरफसे उत्तरको एक कल्पित सूधी ऐसी रेखा खेंचो
जो उसके सहवर्त्ती तारेको काटतीहुई चलीजाय अब उन दोनों
तारों में जो कुछ अनुमानसे अन्तर कल्पना करो उससे पञ्च गुनी
लंबी अधोवर्त्ती तारे से आगे रेखा बढाओ आशा है कि इस रेखा
का कोण नियत ध्रुवको सूचित करेगा यह परीक्षा ध्रुवकी सदैव
व्यवहारमे आसक्ती है क्योंकि ध्रुव चलायमान नहीं है सप्तऋषी
चल हैं पर वह कुछ विकार नहीं करसकते ॥

प्रमाणहोगा * चर * उसकाल विशेष का नाम है जो भूमध्यदेश (लंका) और अपने देश में सूर्योदय काल में जो कुछ अंतर पडता है वही चर कहाता है यह चर सायन तुलादि में सूर्य होतो धन संज्ञक कहाता है एवं मेषादि छ: कमें हो तो ऋण संज्ञक होता है इस से चर संस्कार मात्र पूर्व समान करने से निरक्ष देशीयमन्द संस्कृत सूर्य स्पष्ट सूर्य होजाताहै इसी प्रकार चंद्रादि का काभी चर निकलताहै वह चर किंचित् स्थूलहोगा इसी से दिनार्द्ध तथा द्विगुण दिनमान एवं इसे ६० में घटाने से उन्हीं रात्रिमानहोता है उदयास्तादिकका वर्णन लग्नाध्याय में करेंगे। ग्रहों का अपेक्षा तिथ्यादिकाल में चर का संस्कार विपरीत होताहै अर्थात मेषादौ धनं तुलादौ ऋणं एवं पूर्वानीत चर घट्यादिकों को यदि सूर्य उत्तर क्रान्ति में हो तो १५ घटी में जोड दो यही दिनार्द्ध होगा एवं दिनार्द्ध को ३० में से घटा दे अथवा चर को १५ में से घटा दे तो यही रात्रि अर्द्ध होगा एवं यदि सूर्य्य दक्षिण गोलीय हो तो चर घट्यादिकों को १५ घटी में से घटाने से दिनार्द्ध एवं चर घटी को १५ में जोड़ने से नि-शार्द्ध होगा. दिनार्द्ध का दूना दिनमान एवं रात्र्यर्द्ध का दूना रात्रि मान. एवं २४ वा २३॥ अंश पूर्ण क्रान्ति मानकर उस पर पट्टी ले जाओ उस पूर्वोदित कल्पित जीवा के योग का चिन्ह अंकित कर लो पश्चात इस पट्टी को भूमि पर ले जाओ और इस की विन्दु को स्पर्श करने वाली खड़ी जीवा के मस्तक वर्ती नेमिस्थ जो घट्यादिक होगी वही पूर्ण चर होगा इस को दूना करके घट्यादि ३० घडी में जोड़ दोगे तो वही उस देश का पूर्ण दिनमान अर्थात् बड़े से बड़ा दिन होगा एवं उसी को ३० घटी में से घटा भोगे तो यही हीन दिमान अर्थात् छोटे से

छोटा दिनमान होगा एवं चर घड़ी को २४ गुना करो और चर के अवशिष्ट पलों में २॥ का भाग दो अथवा दूना कर पांच का भाग देकर लब्धी उस २४ गुने फल में जोड़दो यही चर घट्यादिकों के मिनट (१) हो जांयगे यदि सायन सूर्य मेषादि षट्क में हो तो इन मिनिटों को ६ घंटे में से घटादो एवं तुलादि षट्क में हो तो ६ घंटे मे जोड़ दो यही सूर्य्योदय के घंटा मिनट हैं एवं उदय के घंटा मिनिटों को १२ मे से घटाओ तो सदैव सूर्य्यास्त का काल होगा अस्तु एवं मध्य रेखा से देशान्तर योजनों का चतुर्थांश उस योजन संख्या मे से घटादो यही देशान्तर पल होंगे एवं यदि देशान्तर पल पूर्व हो तो धन अन्यथा ऋण समझो यदि सायन सूर्य तुलादि षट्क में हो तो चर पलों में से देशान्तर पलो को घटादो यही पल प्रमित सूर्योदय से पूर्व वार प्रवृत्ती होगी एवं मेषादिक में चर जोड़ दो तो उतने पल उपरान्त वार प्रवृत्ति होगी, एवं सायंकालीन स्पष्ट सूर्य करना चाहो तो प्रातःकालीन सूर्य स्पष्ट में गत्यर्द्ध जोड़ दो और चर का विलोम संस्कार करो तो सायंकालीन सूर्य स्पष्ट होगा और केवल मध्य सूर्य मे मन्दफल का संस्कार करने से जो संस्कृत सूर्य होता है इस में चर का ग्रहवत चर संस्कार करने से स्पष्ट सूर्य होता है इसीप्रकार चर मात्र के संस्कार करने से इष्टादिक विदित होते हैं इस का वर्णन आगे कहा जायगा ॥ ६ ॥

उदाहरणम् ।

पूर्वोक्त दिने चर साधन यथा—पूर्व साधित क्रांति २३ । २०

१—अथवा कोणसे लेकर वर्त्तमान जीवा पर्य्यन्त जितने चरांश हों उनकोचौगुनाकरदो यही मिनट होजांयगे—

सायन सूर्य भुजांश ८४ मथुराकी पलभा ६ अं १५ व्यं. इसमें ६ अंगुल का षष्ठांश ६ व्यंगुल हुए इसे १५ व्यंगुलों मे जोडा तो हुए ६ । २१ इसमें २१ व्यंगुल एक अंगुल के तृतीयांश के तुल्यहै अतः केन्द्रसे ६ आडी जीवा तथा तृतीयांश के लगभग और आगे बढ गये उसांस एक जीवा कल्पनाकर पुनः पट्टीको २३।२० अंश क्रांति पर लाए अब इस पट्टीमें के सात अंगुलसे कुछही पूर्व उस कल्पित जीवाका योग होता है वहां पर एक चिन्ह करने के पश्चात् भुजांश ८४ पर गगनकी तरफ पट्टी लेगये अब वह चिन्ह ७ वी खडी ज्यासे कुछ पूर्व स्पर्श करताहै अब उसके ऊपर मस्तकपर्ती २ घडी है और १ अंश और अधिक है इसकारण अंशको दशगुना करने १० ही पल अर्थात् २ घडी १० पल चरकाल हुआ सायन सूर्य तुलादिषट्क में है इसकारण ग्रहोंमें यह चर धनसंज्ञक हुआ परंतु समय में विलोम संस्कारके कारण तिथ्यादिकों मे ऋणसंज्ञकहुआ सायन सूर्य दक्षिण क्रांतिमें है इसकारण १५ घडीमें से घटाया तो शेष १२ । ५० यही दिनार्द्ध हुआ एव उसी चर घडी २ । १० को १५ घडी में जोडा तो १७ । १० यही निशार्द्धहुआ, दिनार्द्ध १२।५० का दुगुना २५ । ४० यही दिनमान हुआ एव रात्र्यर्द्ध १७।१० का दुगुना ३४।२० यही रात्रिमान हुआ, अब चर घडी २ को २४ गुना किया तो ४८ हुए इसमे पूर्वानीत १० पल में २॥ का भाग देने से लब्धी ४ जोडा तो ५२ यही चर घट्यादि के मिनट हुए इसे ६ में से घटाया तो ५ । ८ यही सूर्यास्तका काल घटादि के हुआ एव इसे ६ घट में जोडा तो ६ । ५२ यही सूर्योदय के घंटे होंग मध्य रेखासे मथुरा के देशांतर २१ योजन पूर्व है इसका चतुर्थांश ५ को घटाया तो शेष १६ यही निरक्षदेश और मथुरामें देशान्तर पल हुए इस देशान्तर पलोंको सूर्य दक्षिण गोलीय है इसकारण चर घट्यादि २। १० में से घटाया तो शेष १ घडी ५४ पल इतने काल सूर्योदय से पूर्व वारप्रवृत्ती होगी एव उस दिनका प्रातःकालीन स्पष्ट सूर्य राश्यादि ८ । १३ । ६ । २० तवं गति कलादि ६१ । ९ इसका आधा ३० । ३४ कलादि इसे स्पष्ट सूर्य के कलादिकों में जोडा तो ८ ।१३ ३६ । ५४ हुए एवं चर घट्यादि तुलादि षट्कमें होने से धन होती परन्तु सायंकाल में विपरीत संस्कार करने से ऋणसंज्ञक हुई अतं

चर २ । १० को घटाया ८ । १३ । ३४ । ४४ यही सायकालीन स्पष्ट सूर्य हुआ । एवं चर २।१० के स्थान पर्य्यंत जीवाओंकी संख्या चरहै अत ज्या ६ । ४५ और चरोत्क्रमज्या ० । ४६ हुई ।।

करणोक्तप्रकारः ।

चरानयनायपूर्व चरदलान साधनम् ।

यस्मिन्पुरेयापल भात्रिघातां संस्थाप्य गुणयादशसर्प दिग्भिः
तेष्वान्तिमांकः पुनरेव रामैराप्ताभवेयु श्चरखण्डकानि ॥

जैसे काशी की पलभा५।४५इसको १०गुना किया तो ५७।।इसके ५७ ही रक्खे एव पुन.पलभा को ८ गुना कियातो ४६ । एव ५।४५ को १० कीया तो ५७ इसमें ३ का भाग दीया लब्धी १९ ये क्रमश ५७।४६।१९ यही तीनों चर खण्ड भये एसेही मथुरा की पलभा ६।१५ परन्व मथुरा के चरखण्ड ६३।५१।२१ भये ।

ग्रहलाघवे

स्यात्सायनोष्णांशुभुजर्क्षसंख्या चरार्धयोगोलवभोग्यघातात् ।
खाग्न्याप्तियुक्तस्तुचरधनर्णं तुलाजषड्भेतपनेन्यथास्ते ।।

जैसे पूर्व सम्पादित सायन सूर्य की भुजांशाद्यादि २ । २४ इसमें २ राशि प्रमितगतखण्ड और मथुरा के ६३।५१ भये शेष २४ अंश को २१ गुनाकर तीसका भाग देने से लब्धी १६ इन तीनोंका योग १३० इसके २ घडी २० पल भये —

चरसंस्कार—हायनचन्द्रिके

मेषादिषट्केयदिसायनस्या श्चरंतदातत्रनकविधेयम् ।
घस्राधसंख्यांतिथयस्तुतासां मृणंघटादौतदिहार्द्धमन्क ।।

मुहूर्त्तचिन्तामणौ—वारप्रवृत्तिः ।

पादोनरेखापरपूर्वयोजनैपलैर्युतोनातिथयोदिनार्द्धत ।
ऊनाधिकानद्विवरोद्भवै.पलैरुर्ध्वतथाधोदिनपप्रवेशनम् ।।

तदुक्तं सिद्धांतशिरोमणौ

अर्कोदयादूर्ध्वमधश्चपश्चात्प्राच्यांप्रतीच्यांदिनप.प्रवृत्तः ।।
उर्ध्वस्तथाधश्चरनाडिकाभिरवा युदकूदक्षिणगोलयाते ।।

चरस्थिती भुजज्ञानं द्युपट्टी साधनं च.

बहिःखाच्चरंत्वाद्यषड्भेभुजाग्रंरवौसायनांशे विलोमानुलोमं ।। पलांशापमांशोत्क्रमज्या युतिःकौप्रदेयात्कुजात्तज्यकाग्रेद्युपट्टी ।। ७ ।।

सं०टी०—बहिरिति. मेषादिषड्राशिषु रवौसति नाड्यादि चरं माकाशाद्बहिर्ज्ञेयं अथात्तुलादिषड्राशिषु रवौस्थिते आकाशान्मध्ये चरं ज्ञेयम् अथ सायनांशस्यग्विभागा आकाशाद्विलोमतस्ततोधिक श्चेत्क्षिति जादनुलोमतस्ततोपि अधिकाश्चेत्तदा क्षितिजादनुलोमतएव प्रकारेण न वत्यंश परिवर्तनेनदेया तदग्रे भुजाग्रंदेयं प्रयोजने सत्यभिष्ट ग्रहस्यापि भुजाग्रसाधनमेवकार्य्यम् । अथ स्वदेशात्पलांशोत्क्रमज्यायास्तथातत्काल क्रान्त्यंशोत्क्रमज्यायाश्चयोग कुजादारभ्यभूमौदेया तत्रया जीवारेखा तै स्या अग्रं नेन्या यत्र लग्न तत्र पट्टीस्थाप्यामाद्युपट्टीज्ञेय ।। ७ ।।

छप्पय ।

अब मेष लगाय तुला लगी राशिन को नभसेचर बाहर जानो
वृश्चिक धन्मृग कुम्भझसे इन राशिन को चर भीतर मानो
तुलमेष लगाय कुजाद्भुज कर्क मृगादि सुराशि खमध्यतें आनो
होत भुजाय हरीतिसनीतिकरी सुप्रतीति सदां उरठानो ।७।

भा०टी०बहिर्खाच्चरमिति।:अबपूर्वोदित दिनार्द्धसाधनार्थ तथा इष्टकाल शोधनार्थ चर स्थिति कहतेहै कि प्रागानीत सायन सूर्ययदि मेषादि षट्क (मे.वृ.मि क.सिं.क.) में हो तो वही चर घट्यादि क आकाश से बाहर देना चाहिये (१) एवं यदि सायन सूर्य

१—इसी लिये प्राय. यन्त्रो में वृत्त चौथाई से कुछ घडी मात्र और भी बढालेते हैं क्योंकि आकाशसे चर बाहर कहां दियाजाय इसलिये स्वदेशीय पूर्ण चरके अनुमान और भी आगे नेमी बढा लेना उचित है -

तुलादि षट्क (तु. वृ. ध. म. कुं. मी.) में होतो वह चर घट्यादि आकाश से भीतर देनी चाहिये (अब शेष घडी दिनार्द्धकी होगी) इस चर संस्था का काम इष्ट काल के आनयन में पडेगा । अब सायन सूर्य की अथवा अन्यग्रहों की भुजा जानने का प्रकार कहते हैं कि सायन ग्रहमेषादि से सायन कर्क पर्य्यन्त तीन राशी वा नवति अंशपर्य्यन्त तथाक्रम अर्थात् कुजसे लेकर भुजांशजानो एवं कर्क से तुलापर्य्यन्त अर्थात् ९० अंश पर्य्यन्त अनुलोम अर्थात् उत्क्रम मे गगन से भुजांश जानो एवं सायन तुला से सायन मकर पर्य्यन्त विलोम अर्थात् कुज से लेकर भुजांश जानों एवं सायन मकर से मीन पर्य्यन्त अनुलोम अर्थात् गगन से कुजाभि मुख भुजांश जानो अर्थात् तीन तीन राशि वा नवतिनवति अंश परिवर्तन से विलोम अनुलोम भुजांश जानो । अब काल ज्ञानार्थ दिन पट्टिका के साधने का प्रकार कहते हैं कि पलांश अर्थात् अक्षांश इसकी उत्क्रमज्या तथा अपमांश अर्थात् क्रान्ति इसकी उत्क्रमज्या, इन दोनों उत्क्रमज्याओं का योग करो यह द्युज्या होगी इसकी ज्या को गगनाभि मुखयो इस जीवाका अग्रनेमी में जहां लगा हो वहीं इस पट्टी को लेजाकर निश्चल रखदो यही पट्टी द्युपट्टी कहाती है यद्यपि ग्रंथ कर्ताने केवल योगही करना लिखा है परन्तु मेरी तुच्छमती में एक दिशियोगः भिन्न दिशि अन्तरम् करना उचित है ॥ ७ ॥

इसका उदाहरण अग्रिम श्लोक ९ में कहाजायगा.

इतिश्रीमत्सुन्दरदेवकृतायां यंत्रचिन्तामणि पीयूषवर्षिणीटीकायां प्रथममेघः ॥ १ ॥

अथ द्वितीय शीकरणाव: प्रारम्भ: ।

नतोन्नतांशज्ञानं तज्ज्याचसाधनम् ।

केन्द्रोर्ध्वरन्ध्रेणयथार्कतेजः क्ष्माजोर्ध्वरन्ध्रंप्रविशेत्तथैव ॥ धार्यन्तुकेन्द्रादवलम्बभाग ज्या दृग्ज्यकास्यान्नतसिंजनीवः ॥ ८ ॥ ॥ ॥

नमामिमातापितरौगुरुँश्च रविन्दुमुख्यान्खचरांश्चापि ।
गर्गादिकांज्योतिषिकागमज्ञांपूर्वोस्तथैवाधुनिकाश्चसर्वान् ॥

सं०टी०—केन्द्रोपरियः कीलस्तस्मिन् यद्रंध्रं तन्मार्गेणागतं सूर्य तेजः क्षितिजोपरिस्थ कीलरंध्रे यथाप्रविशति तथायंत्रंधार्यम् एवं सति कीलबद्धलम्बसूत्र यत्र नेम्यांमशेषुलग्नं तत्र याजीवा सा नतज्या तस्या एव नाम दृग्ज्या इति ज्ञेयम् ॥ अथ क्षितिजाल्लम्बसूत्रपर्य्यन्त येतद्धनुरंशास्तेनतांशाज्ञेयाः तथा लम्बसूत्राद्याकाशरेखा पर्य्यंतमुन्नतांशा ज्ञेयाः । तत्र यानिज्यांगुलानि सोन्नतज्याज्ञेया यदाभ्रादिनाच्छन्नः सूर्यो भवति तदाकाशस्थितरविबिम्बं संलक्ष्य कुजोर्ध्वकीलरंध्रगतयादृष्ट्याकेंद्रोर्ध्वकीलरन्ध्रमार्गेणरविबिम्बंविध्येत् ततः पूर्ववन्नतांशास्तज्जविचज्ञेये ८

सोरठा।

शारदको धरि ध्यान गुरुपद पंकजनमनकरि ।
करहु परीक्षा ज्ञान यंत्रमणी को गणकवर ॥

कुजके सुरन्ध्रसोंकेन्द्रोध्वरंध्रमाँझ,खेटाविलोकिपुनिलंबलटकाईये नभ सों लगाय लंब पर्य्यन्त के अंसन को जानोंविदुउन्नतांश खेट कीउँचाइये ॥ ठहेहैंनतांश वाही लंबसों लगाय पुनि भुमि जलागि खेट की निचाई मति भाइये ॥ लाखन के खर्चनसों लेत काम दर्शन को वाहूले काम यंत्र देत अधिकाइये ।

केन्द्रोर्ध्वरन्ध्रेणेति । अब इष्टकाल निकालनेकेलिये-वा नलिका बंधनके लिये के नतोन्नातांशका साधन करते हैं कि प्रथम सूर्याभिमुखहोकर फिर इस यंत्रको लेकर केन्द्रवाला पार्श्वसूर्यके

सन्मुखकरो और कुजवालापार्श्व अपनी तरफकरो पुनः यदिसूर्य बिम्ब निस्तेजहो वा बालार्कहो अथवा मेघादिकोंसे आछन्नहो तो कुजके मस्तकवर्ती छिद्रमें दृष्टीकरकेन्द्रोर्ध्व छिद्रमध्यसेसूर्यको अव लोकनकरो अब इसयंत्रका दोरकलम्ब जितने अंशपरगिरे वही नतोन्नतांश जानो यथा कुजसे लेकर दोरकलम्बपर्य्यंत जितनेअंशहोंगे वही नतांशहोंगे और इतर अवशिष्ट अंश अर्थात खमध्यसे लम्बपर्य्यंत उन्नतांश जानो नतांशपर लगनेवाली ज्यानतज्याहोतीहै एवं उन्नतांशकीज्या उन्नतज्याहोतीहै नतज्या कोसिद्धांतोंमेंदृग्ज्याकहतेहैं और उन्नतज्याकोसंस्कृतमें महाशंकु कहतेहैं इसीप्रकारसे समस्तग्रह तथा संपूर्ण नक्षत्र वेधेजाते हैं उनके उन्नतांशादिकपरत्वभी कालसाधाजाताहै एवं यदि सूर्यबिम्बसतेज अर्थात कांतियुक्तहोवो मनुष्योंका देखसकना असंभव तथाहानि कारक है अत एवं आचार्य ने कहाहै कि केन्द्रके छिद्रमें से सूर्य का तेज निकल कुजके छिद्रमें प्रवेशकरे इसतरहसे यहयंत्ररखने से लम्बद्वारा नतोन्नतांशपूर्ववत् विदितहोते हैं अथवा यंत्रस्थकेंद्रोर्ध्वरन्ध्रद्वारासूर्य्यका तेज निकलकर तथा कुजोर्ध्वरंध्रमेंप्रविश कर यंत्रकीछायाहीमें बाहरबिंदुगिरे उसपरसेभी लम्बद्वारा नतोन्नतांशमालूमहोतेहैं अथवा यंत्रद्वारा जल अथवा काचमें प्रतिबिंबादिडालकर नतोन्नतांश विदित करते हैं बाज लोग एकगहरा रंगीनकाचकाटुकडा केन्द्रोर्ध्वरंध्रमें ऐसा जडवादेते हैं किचाहे तब हटालिया और चाहे बराबरहनेदिया इसीकाचलगेहुये पर सूर्यका दर्शनकर यंत्रलम्बद्वारा नतोन्नतांशजानलेतेहैं अंग्रेजीमेंउननांशको डिस्टेन्सफ्रामजेनिथ(Distance from zenith) कहतेहैं यह नतांश प्रायशः दक्षिणीय होते हैं जिनदेश के अक्षांश क्रान्तिकी अपेक्षा न्यून होते हैं वहां उत्तरीय भी होजाते हैं इस प्रकार

